# चित्रकला
# PAINTING
# (332)
## शिक्षक अंकित मूल्यांकन पत्र
## TUTOR MARKED ASSIGNMENT

कुल अंक : 20

Max. Marks : 20

***टिप्पणी:*** *(i)* *सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

***Note:*** *All questions are compulsory. The marks allowed for each question are given at same place.*

*(ii)* *उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुव्मांक, अमययन केन्द्र का नाम, विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।*

*Write your name, enrolment number, AI name and subject on the top of the first page of the answer sheet.*

1. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिये : 2

Answer any one of the following questions in about 40-60 words :

(a) सिंधु घाटी सभ्यता की कलाकृतियों का, जैसे नर्तकी, बुल कैपिटल अथवा कोई अन्य कलाकृति का पास के संग्रहालय में जाकर अध्ययन करें। अब इनकी चारित्रिक विशेषताओं को समझने का प्रयत्न करें तथा इसी शैली में अन्य कुछ वस्तुओं का चित्र बनायें। एक छोटे अनुच्छेद में इन विशेषताओं का उल्लेख करें। (पाठ 1 देखें)

Study the artifacts from Indus Valley civilization like the dancing figure, the Bull capital or any other artifact from a nearby museum. Now try to understand the characteristic features of these works and draw some other objects in the same style. Write down the features in a small paragraph. (See Lesson- 1)

(b) सिक्के पर बनी सारनाथ के सिंह-शीर्ष की आकृति का अवलोकन करें। इस आछति में कुछ नये तत्व जोड़कर एक नया रूप निर्मित करने हेतु चित्र बनायें। इस मूर्तिकला की चकाचौंध चमक का स्रोत बतायें। (पाठ-1 देख)

Observe a coin with the figure of Lion capital of Sarnath for its style. Try to draw the figure adding some new elements to create a new form. Suggest the source of the high polish in this sculpture. (See Lesson- 1)

2. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिये:

Answer any one out of the following four questions in about 40-60 words:

(a) सिन्धु घाटी में 'मातृदेवी' का मिट्टी से बनाकर पकाया गया एक बहुत सुन्दर मूर्तिशिल्प है। इसका उपयोग एक दीप की भांति भी था। इस मूर्तिशिल्प से प्रेरणा लेकर मिट्टी अथवा प्लास्टर ऑफ पैरिस

में एक दीप बनायें। इस दीप के प्रारूप के लिये आप मानव अथवा पक्षी के आकार का प्रयोग कर सकते हैं। अपनी कृति का फोटो लें तथा अपने पोर्टफोलियो में लगायें। (पाठ–1 देखें)

'Mother Goddess' is a beautiful Terracotta Sculpture of Indus Valley. It was also used as a lamp. Take the idea from this sculpture and make a lamp with clay or plaster of Paris. You can use a human figure or bird form for the design of the lamp. Take a photograph of your creation and put it on your portfolio. (See Lesson- 1)

(b) आगरा में स्थित ताजमहल देखें। ताज महल का एक पेपर मॉडल बनायें, जिसमें उसके ढाँचे की सभी विशेषताएँ समन्वित रहें। (पाठ–6 देखें)

Visit the Taj Mahal at Agra. Make a paper model of the Taj Mahal, keeping all the features of its structure intact.

3. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उनर लगभग 40–60 शब्दों में दीजिये: 2

Answer any one out of the following four questions in about 40-60 words:

(a) मुगल शासक पक्षियों के चित्रों के बहुत शौकीन थे। मुगल लघु चित्रों में से कोई चार पक्षी चुनकर उन्हें ए–4 आकार के कार्टिज कागज पर बनायें। (पाठ–7 देखें)

Mughal emperors were very fond of paintings of birds. Choose four birds from Mughal miniature paintings and copy it on an A4 size cartridge paper. (See Lesson- 7)

(b) किशनगढ़ शैली के चित्रकार निहाल चंद की शैली का प्रयोग करते हुए आधुनिक समय की एक युवती के चेहरे की रचना करें। संदर्भ के लिये उनके प्रसिद्ध चित्र 'बनी ठनी' को देखें। (पाठ 8 देखें)

Draw a face of a young woman of our time using the style of the kishangarh painter Nihal Chand. For reference see his famous painting 'Banithani'. (See Lesson- 8)

4. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उनर लगभग 40–60 शब्दों में दीजिये: 4

Answer any one out of the following four questions in about 40-60 words:

(a) रविन्द्र नाथ ठाकुर ने कहीं से कला–शिक्षा नहीं ली और उन्होंने स्वयं निर्मित रंगों से ही चित्रों की रचना की। आप भी अपने घर में आसानी से उपलब्ध रंगीन पदार्थों, जैसे स्याही, सिन्दूर, आलता अथवा हल्दी के द्वारा चित्र बनायें। टहनी, रूई और कपड़े के टुकड़े को आप ब्रुश के रूप में इस्तेमाल करें। इन सभी सामग्रियों का प्रयोग करके एक सुन्दर भूदृश्य का चित्र ए–4 आकार के कागज पर बनायें। (पाठ 12 देखें)

Rabindra Nath Tagore was a self taught painter and used any kind of coloured pigments available to him as colours. You can also paint a picture with easily available coloured pigments at home, such as ink, sindoor, alta or haldi. Use twig, cotton or a piece of cloth as brush. Apply all these materials to paint a beautiful picture of a landscape on an A-4 size paper. (See Lesson- 12)

(b) अपने इलाके के किसी लोक कलाकार की कार्य शैली का निरीक्षण करें। उस लोक कलाकार की कार्य शैली का अनुसरण करते हुए एक कलाकृति बनायें।

Observe the style of working of a folk artist from your locality. Try to replicate the style of working of that folk artist to create a work of art. (See Lesson- 14)

5. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100–150 शब्दों में दीजिये: 4

Answer any one of the following four questions in about 100-150 words:

(a) भारतीय लोक कलाकार स्वनिर्मित रंगों का प्रयोग करते हैं, जो उनके आस–पास उपलब्ध सामग्री, जैसे सब्जी और खनिज पदार्थों से निर्मित होते हैं। इस सामग्री का विस्तारपूर्वक वर्णन आपकी पाठ्य पुस्तक में दिया गया है। इन सभी प्राकृतिक रंगों को गोंद के साथ मिलाकर काम में लें। आप अपनी पसन्द के अनुसार भी कुछ सब्जियों के रंग इनमें शामिल कर सकते हैं। इन घर में बनाये गये रंगों का उपयोग गांव का दृश्य बनाने के लिये करें। (पाठ–14 देखें)

Indian folk artists make their own colours from locally available materials, such as vegetables and minerals. Details of these materials are given in your text book. Experiment with all these natural colours by mixing them with gum. You can also add a few more vegetable colours of your choice. Use these home made colours to make a village scene. (See Lesson- 14)

(b) समाचार पत्र और पत्रिकाओं को इकट्ठा कर इनमें से भारतीय त्योहारों, जैसे दिवाली, ईद, क्रिसमस और बुद्ध जयन्ती पर आधारित चित्रों को काटें। इन सभी कतरनों को मिलाकर 'राष्ट्रीय एकता' विषय पर एक कोलाज बनायें। (प्रयोगात्मक पाठ–3 देखें)

Collect newspaper and magazine cuttings of festivals of India, for example-Diwali, Id, Christmas and Buddha Jayanti. Use all these cuttings to create a collage on the theme 'National integration'.

(See Practical Lesson- 3)

6. नीचे दिये गये चार परियोजना कार्यों में से कोई एक परियोजना कार्य तैयार कीजिये: 6

Make any one of the four projects given below:

(a) मानव आकार की चार अवस्थाओं को दर्शायें, यथा बचपन, युवावस्था, मध्यावस्था एवं वृद्धावस्था। इन अवस्थाओं को आप आदमी अथवा औरत के रूप में दर्शा सकते हैं। इन चारों अवस्थाओं के अंतर्गत शारीरिक संरचना के अनुपात के आधार पर मूल अंतर तीस शब्दों में लिखें। (प्रयोगात्मक पाठ–5 देखें)

Draw four stages of human form, viz. Childhood, adulthood, middle age and old age. You can depict a male or female figure of these stages. Write the basic differences in the proportions of the anatomy in the four stages of the human form. (See Practical lesson 5)

(b) गोलाकार, चौकोर तथा त्रिभुजाकार, इन तीन आकारों को लें। प्रत्येक आकार की कम से कम पांच वस्तुएँ बनायें। इन वस्तुओं में पोस्टर कलर से रंग भरें। प्रत्येक वस्तु ए–4 आकार के कागज पर बनायें। (प्रयोगात्मक पाठ–4 देखें)

Take three shapes- Circle, square and triangle. Draw atleast five objects from each of these shapes.Colour these objects with poster colour. Each object should be drawn on A-4 size paper. (See Practical Lesson- 4)